CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 03 | बिजौलिया - शनिवार, 25 जुलाई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## जंतर-मंतर छात्र आंदोलन पर कांग्रेस-बीजेपी में जुबानी जंग तेज, डोटासरा-राठौड़ आमने-सामने

### 'पर्ची से बने' से लेकर 'बदज़ुबान' और 'बेशर्म' तक पहुंचे आरोप-प्रत्यारोप, बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल भी विवाद में कूदे

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन को लेकर राजस्थान की राजनीति में सियासी तापमान बढ़ गया है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे पर व्यक्तिगत और राजनीतिक हमले किए हैं। इस बीच भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने भी डोटासरा पर निशाना साधते हुए विवाद को और हवा दे दी।

विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि राठौड़ 'पर्ची से बने हुए हैं' और उनकी उनसे कोई तुलना नहीं हो सकती। डोटासरा ने आरोप लगाया कि भाजपा छात्रों के आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर बैठे युवा देश का भविष्य हैं, उन्हें 'भाड़े का टट्टू' कहना युवाओं का अपमान है।

इसके जवाब में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे डोटासरा की तरह 'बदज़ुबान' नहीं हो सकते। राठौड़ ने तंज कसते हुए लिखा कि हो सकता है डोटासरा अपने हाईकमान को धता बताकर प्रदेशाध्यक्ष बने हों, लेकिन वे खुद ऐसे तरीके से राजनीति नहीं करते।



उन्होंने पेपर लीक मामलों का जिक्र करते हुए डोटासरा पर परिजनों को लाभ पहुंचाने के आरोप भी लगाए और ओबीसी वर्ग को लेकर भी टिप्पणी की।

भाजपा ने अपने आधिकारिक बयान में कांग्रेस पर छात्रों की आड़ लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। पार्टी का कहना है कि कांग्रेस के शासनकाल में ही छात्रों के हितों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा और परीक्षा प्रणाली सबसे ज्यादा प्रभावित हुई।

इधर भाजपा प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने भी डोटासरा पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस सरकार के समय का एक पुराना वीडियो साझा करते हुए कहा कि जब डोटासरा शिक्षा मंत्री थे, तब रीट परीक्षा पेपर लीक हुआ था और इस्तीफे की मांग पर उन्होंने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया था। अग्रवाल ने सवाल उठाया कि जो नेता उस समय इस्तीफा देने को तैयार नहीं थे, वे अब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग किस नैतिक आधार पर कर रहे हैं।

## कोठारी नदी में अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**सांवर वैष्णव**



कंवलियास गांव के पास कोठारी नदी में अवैध बजरी खनन के खिलाफ सवाईपुर चौकी पुलिस ने शुक्रवार अल सुबह कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। पुलिस की कार्रवाई के दौरान चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार सूचना पर कोठारी नदी में दबिश दी गई, जहां एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से अवैध बजरी का खनन किया जा रहा था। पुलिस को देखकर चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर बड़लियास थाने भिजवा दिया तथा अग्रिम कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सूचना दे दी। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध बजरी खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। मामले में खनन विभाग की ओर से नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी नाली पर अतिक्रमण का मामला: कार्रवाई न होने खफ़ा युवक का कलेक्ट्रेट में मौन सत्याग्रह,बार-बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

शहर में धरना-प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को विरोध का एक अलग ही स्वरूप देखने को मिला। भवानी नगर निवासी प्रकाश गुर्जर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और सरकारी नाली पर कथित अतिक्रमण नहीं हटाए जाने के विरोध में मौन सत्याग्रह शुरू कर दिया। उन्होंने प्रशासन पर कई शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक अतिक्रमण हटाने की निश्चित तारीख नहीं दी जाती, तब तक उनका मौन आंदोलन जारी रहेगा।

### बिना नारेबाजी, इशारों और लिखित संदेशों से रखी बात

आम तौर पर मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी देखने को मिलती है,



लेकिन प्रकाश गुर्जर ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। कलेक्ट्रेट परिसर में मौन रहकर उन्होंने अधिकारियों और लोगों तक अपनी बात लिखित संदेशों एवं इशारों के माध्यम से पहुंचाई।

### सरकारी नाली पर अतिक्रमण का आरोप

प्रकाश गुर्जर का आरोप है कि भवानी नगर स्थित निधि फैंसी स्टोर द्वारा पिछले करीब छह महीने से सरकारी नाली पर अतिक्रमण



इस अतिक्रमण को लेकर बैठा मौन सत्याग्रह पर

कर उसे बंद कर दिया गया है। उनका कहना है कि दुकान की ओर से करीब 10-10 फीट तक अतिक्रमण किया गया है, जिससे जल निकासी बाधित हो रही है और पूरे मोहल्ले के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### एक दर्जन से अधिक शिकायतें, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

उन्होंने बताया कि मामले को लेकर यूआईटी, जिला कलेक्टर कार्यालय और संपर्क पोर्टल पर एक दर्जन से अधिक बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों ने कई बार जाब्ता उपलब्ध नहीं होने का हवाला देकर कार्रवाई टाल दी।

### 'यह निजी नहीं, जनहित का मुद्दा'

प्रकाश गुर्जर ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन किसी निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि पूरे मोहल्ले के हित में है। उन्होंने कहा कि सरकारी नाली पर अतिक्रमण से क्षेत्र के लोगों को लगातार परेशानी हो रही है। यदि प्रशासन अतिक्रमण हटाने की निश्चित तारीख घोषित नहीं करता, तो उनका मौन सत्याग्रह अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा।

## साइबर ठगी से बचें, हेलमेट-सीट बेल्ट का करें उपयोग: सीएलजी बैठक में पुलिस की अपील

### काछोला थाने में हुई बैठक, बस स्टैंड पर पुलिस चौकी खोलने की मांग भी उठी



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

थाना परिसर में शुक्रवार को कोटड़ी पुलिस उपाधीक्षक सुरेश डाबरिया की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में साइबर अपराध, नशा मुक्ति, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए आमजन को जागरूक करने पर जोर दिया गया।

पुलिस उपाधीक्षक सुरेश डाबरिया ने कहा कि पढ़े-लिखे लोग भी साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में मोबाइल और लैपटॉप का सुरक्षित उपयोग करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। महिला एवं बाल सुरक्षा के लिए 112, 1090 और 108 हेल्पलाइन तथा राजकॉप ऐप की सुविधाओं की भी जानकारी दी गई।

थानाधिकारी नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक युवा जान गंवा रहे हैं। उन्होंने वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की। उन्होंने बताया कि पुलिस विद्यालयों में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा और कानून संबंधी जानकारी भी देगी।

बैठक के दौरान सीएलजी सदस्यों ने कस्बे के बस स्टैंड पर पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग उठाई। इस पर पुलिस उपाधीक्षक ने प्रस्ताव उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी अनुशंसा कराने की बात कही।

बैठक में सीएलजी सदस्यों ने पुलिस उपाधीक्षक सुरेश डाबरिया, थानाधिकारी नरेश कुमार शर्मा एवं एएसआई रामेश्वर मीणा का स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सीएलजी सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## फॉलो-अप शिविरों में मंत्री खर्रा सख्त: बोले- कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे

### नगर निगम और यूआईटी में व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहरी सेवा शिविरों के फॉलो-अप अभियान की समीक्षा के लिए शुक्रवार को स्वायत्त शासन एवं नगर विकास विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा भीलवाड़ा पहुंचे। उन्होंने नगर निगम और नगर विकास न्यास (यूआईटी) परिसर में चल रहे फॉलो-अप शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान लाभार्थियों से भी संवाद किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाए तथा सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री खर्रा ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी सोच के तहत 21 जुलाई से 30 अगस्त तक फॉलो-अप शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि पूर्व में किसी कारणवश योजनाओं से वंचित रह गए पात्र लोगों को भी लाभ मिल सके।

### लाभार्थियों को सौंपे पट्टे, स्वीकृति पत्र और ऋण के चेक

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने 69-ए के पट्टे, भवन निर्माण स्वीकृति पत्र, लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड रूपांतरण के दस्तावेज, नामांतरण प्रमाण पत्र सहित विभिन्न प्रकरणों के स्वीकृति पत्र लाभार्थियों को वितरित किए। इसके अलावा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों को 50 हजार रुपए तक के ऋण स्वीकृति चेक भी प्रदान किए।

### विभागीय स्टॉलों का भी किया निरीक्षण

मंत्री ने शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति और आमजन को दिए जा रहे लाभ की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति की समस्या का मौके पर समाधान किया जाए और प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए।

इस अवसर पर नगर विकास न्यास के ओएसडी पुनीत गहलोत, नगर निगम के निवर्तमान महापौर राकेश पाठक, नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य, आजाद शर्मा, तहसीलदार दिनेश साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# मांडलगढ़ नगरपालिका में रिक्त पदों से अटके काम, विधायक ने किया निरीक्षण



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

नगरपालिका में लंबे समय से कई अधिकारियों और कर्मचारियों के पद रिक्त होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण स्वीकृति, नामांतरण, पुश्तैनी पट्टे, आवास योजना सहित अन्य कार्य समय पर नहीं होने से लोग कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

नगरवासियों ने विधायक गोपाल खंडेलवाल को समस्या से अवगत कराते हुए रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की। इसके बाद विधायक ने शुक्रवार को उपखंड अधिकारी स्वाति के साथ नगरपालिका कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

विधायक खंडेलवाल ने बताया कि नगरपालिका में एलडीसी, यूडीसी, जेईएन, अकाउंटेंट, फायरमैन सहित कई महत्वपूर्ण पद लंबे समय से खाली हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर को भी स्थिति से अवगत कराते हुए रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति कर आमजन को राहत दिलाने की मांग की।

उन्होंने नगरवासियों को भरोसा दिलाया कि रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति कराने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे, ताकि लोगों के कार्य समय पर हो सकें।

# विश्व अंगदान दिवस अभियान का पोस्टर जारी, कलेक्टर ने अधिकाधिक लोगों को शपथ दिलाने के दिए निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



विश्व अंगदान दिवस 3 अगस्त और अंगदान माह के तहत शुक्रवार को जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने जिला कलेक्टर कार्यालय में 'अंगदान-महादान' जनजागरूकता अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों से NOTTO पोर्टल पर ऑनलाइन अंगदान की शपथ दिलाने और जनजागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है और एक व्यक्ति का संकल्प कई लोगों को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने आमजन से स्वयं अंगदान का संकल्प लेने और दूसरों को भी इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिलेभर में स्वास्थ्य संस्थानों और विभिन्न विभागों के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इच्छुक नागरिक हहृझ्रझ्रह पोर्टल या क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन अंगदान की शपथ ले सकते हैं।कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिभा देवठिया, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चन्द्रभान सिंह भाटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# राम भजन के बिना जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति संभव नहीं: आचार्य रामदयालजी महाराज

## विश्व शांति कल्याण चातुर्मास के तहत दैनिक सत्संग में श्रद्धालुओं को दिया आध्यात्मिक संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचंद पेसवानी**



विश्व शांति कल्याण चातुर्मास के तहत आयोजित दैनिक सत्संग में अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगद्गुरु आचार्य स्वामी रामदयालजी महाराज ने कहा कि भगवान राम के भजन के बिना जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वामी रामचरणजी महाराज की अनुभव वाणी सभी शास्त्रों का सार है, जो कठिन आध्यात्मिक विषयों को भी सरल भाषा में समझाती है।

आचार्यश्री ने कहा कि राम-नाम का स्मरण जीवन को सही दिशा देता है और आत्मिक आनंद की प्राप्ति कराता है। उन्होंने सत्संग को जीवन परिवर्तन का माध्यम बताते हुए कहा कि मनुष्य को संसार के मोह और सम्मान-अपमान से ऊपर उठकर प्रभु भक्ति में मन लगाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि संतत्व केवल वेशभूषा से नहीं, बल्कि ज्ञान, संयम और साधना से प्राप्त होता है। कई गृहस्थ भी अपने आचरण और भक्ति से संतों जैसा जीवन जीते हैं।

प्रवचन से पूर्व वरिष्ठ संत नरपत रामजी (उदयपुर) ने भी धर्म संदेश दिया। अंत में श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री की आरती उतारी। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

**आज होगा वाणीजी का पाठ**

एकादशी के अवसर पर शनिवार को रामद्वारा में दोपहर 3 से 4 बजे तक प्रथम आचार्य वीतराग महाराज श्रीरामजन्नजी महाराज की वाणीजी का पाठ होगा। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन वाणीजी पाठ, सत्संग और संध्या आरती का आयोजन किया जा रहा है।

# मुजरास टोल पर 13 लग्जरी बसों की जांच, 7 पर 91.60 हजार का जुर्माना



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने शुक्रवार देर रात मुजरास टोल पर संयुक्त विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान 13 लग्जरी एवं स्लीपर बसों की जांच की गई।

निरीक्षण में मोटर वाहन नियमों और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर 7 बसों के खिलाफ कुल ?91,600 के चालान बनाए गए। जांच में फिटनेस, परमिट, बीमा, अग्निशमन यंत्र, इमरजेंसी एग्जिट, फर्स्ट एड बॉक्स तथा चालक के दस्तावेजों की जांच की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य ने यात्रियों से यात्रा से पहले बस में सुरक्षा व्यवस्थाएं जांचने की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले बस संचालकों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बिजौलिया में कांग्रेस का प्रदर्शन: नीट पेपर लीक पर आक्रोश, धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका

## जंतर-मंतर पर छात्रों के समर्थन में निकाली रैली, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

नीट पेपर लीक मामले और दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार शाम ब्लॉक कांग्रेस ने तेजाजी चौक में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छात्र अपने भविष्य और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है।

कार्यकर्ताओं ने मांग की कि नीट पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। साथ ही देश की परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, निष्पक्ष और भरोसेमंद बनाया जाए, ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित रह सके।

प्रदर्शन में कांग्रेस नगर अध्यक्ष अनिल राव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष छीतर कुम्हार, जगदीश सांखला, शक्तिनारायण शर्मा, अंकित तिवारी, सत्यनारायण मेवाड़ा, गोपाल शर्मा, संजय मालवीय, विशाल तिवारी, रामफूल धाकड़, रणजीत कानावत , विशाल तिवाड़ी, दिनेश पालीवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बारिश में करंट का खतरा! बूंदी मार्ग पर पानी के बीच खड़े बिजली के पोल बने चिंता का कारण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



कस्बे के व्यस्त बूंदी मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण के दौरान शिफ्ट किए गए कई विद्युत पोल अब लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन गए हैं। बारिश के बाद कई पोल पानी से घिर गए हैं और कुछ स्थानों पर करंट उतरने की शिकायतों से लोगों में दहशत है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कई पोलों को बिना मजबूत नींव के जल्दबाजी में लगाया गया, जिससे उनकी सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। मेवाड़ा गेस्ट हाउस के पास स्थित पोल की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक बताई जा रही है, जहां पोल पानी के बीच खड़ा है।

कस्बावासी धर्मराज धाकड़ ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से सभी पोलों की तकनीकी जांच कर कमजोर पोलों को दोबारा सुरक्षित तरीके से स्थापित करने की मांग की है।

एवीवीएनएल के कनिष्ठ अभियंता हेमेन्द्र नावर ने बताया कि कुछ पोलों में करंट प्रवाहित होने की सूचना मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है। यदि तकनीकी खामी पाई जाती है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में किशनगढ़ खेल स्टेडियम में 500 पौधे लगाए, स्कूल में स्टाफ और कला संकाय की मांग उठी

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटडी।**

**राजेंद्र बबलू पोखरणा**

मुख्यमंत्री हरियालो राजस्थान अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम किशनगढ़ स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल स्टेडियम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने मिलकर करीब 500 पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल ने पौधारोपण कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के नाम कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके।

कार्यक्रम में उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, किशनगढ़ सरपंच रामस्वरूप गुर्जर, जावल सरपंच अंबेश भवानी शंकर चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश पाराशर, विधानसभा प्रभारी अनिल पारीक, विद्यालय की प्रधानाचार्य शिरीन परवीन सहित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भी पौधारोपण किया।

**स्टाफ की कमी और कला संकाय शुरू करने की मांग**

पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रशासन ने विधायक खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपकर विद्यालय में शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ की कमी दूर करने की मांग की। साथ ही विद्यालय में विज्ञान संकाय के साथ कला संकाय शुरू करने की आवश्यकता बताते हुए इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। विधायक ने समस्याओं पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया।

**2 हजार पौधे लगाने का रखा लक्ष्य**




आयोजकों ने बताया कि ग्राम पंचायत किशनगढ़ और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष करीब 2 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत विद्यालय परिसर, खेल स्टेडियम और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से पौधारोपण किया जाएगा।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। अंत में सभी ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# हरियालो राजस्थान अभियान स्कूली बच्चों ने किया पौधरोपण



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**शुभम** । राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान अभियान के तहत शुक्रवार को महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही पौधों की नियमित देखभाल और उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ के गिरिराज सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## थड़ौदा शिविर में मौके पर निपटे दर्जनों काम, 15 निःशुल्क रोडवेज बस पास भी बांटे

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



जनकल्याण शिविर अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत थड़ौदा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर फॉलोअप में विभिन्न विभागों ने मौके पर ही आमजन के लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया। शिविर में राजस्व, पंचायतीराज और परिवहन विभाग सहित अन्य विभागों ने लोगों को राहत प्रदान करते हुए कई सेवाएं उपलब्ध कराईं।
पंचायतीराज विभाग ने स्वामित्व योजना से जुड़े कार्यों के साथ 4 पट्टे जारी किए और व्यक्तिगत घरेलू शौचालय के 6 आवेदन तैयार किए। वहीं राजस्व विभाग ने नाम शुद्धिकरण, नामांतरण, रास्ता खुलासा, फार्मर रजिस्ट्री तथा जाति और मूल निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया।
शिविर में रोडवेज विभाग की ओर से पात्र लाभार्थियों को 15 निःशुल्क बस पास भी वितरित किए गए।
उपखंड अधिकारी स्वाती झा ने शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों को आमजन के कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान शिविर प्रभारी एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी रामेश्वर लाल बैरवा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक के प्रयास रंग लाए, सहकारी समिति बाकरा को मिला ट्रैक्टर

**फार्म मशीनरी बैंक योजना से किसानों को मिलेगी आधुनिक कृषि यंत्रों की सुविधा**

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत संचालित फार्म मशीनरी बैंक योजना में ग्राम सेवा सहकारी समिति बाकरा को ट्रैक्टर उपलब्ध कराया गया है। शुक्रवार सुबह समिति परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ ट्रैक्टर का पूजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे
जीएसएस अध्यक्ष रामकुवार मीना ने बताया कि विधायक गोपीचंद मीणा किसानों के हित में लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनके प्रयासों से समिति को ट्रैक्टर मशीनरी बैंक योजना के तहत मिला यह ट्रैक्टर सहकारी समिति के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। इससे छोटे एवं सीमांत किसानों को भी आवश्यकता के समय कृषि कार्यों के लिए ट्रैक्टर की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने इसके लिए विधायक गोपीचंद मीणा का आभार व्यक्त किया
पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की सुविधा सुलभ होगी और खेती की लागत व समय दोनों की बचत होगी।कार्यक्रम में समिति से जुड़े किसान, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे इस दौरान सत्यनारायण सेन ,अनिल सालवी , कैलाश तेली, रघुनाथ गुर्जर , रामसिंह मीना , छगन लाल गुर्जर , व्यवस्थापक मूलचंद गुर्जर , सहायक व्यवस्थापक शिव प्रकाश प्रजापत , सोजी गुर्जर ,धर्मराज ,मीना ,पप्पू मीना ,आशा देवी मीणा , रत्न देवी शर्मा , अनुराधा मेघवंशी सहित ग्रामीण मौजूद रहे




# राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा की जिला कार्यकारिणी का विस्तार, तीन पदाधिकारियों की नियुक्ति

**कैलाश मांदरिया बने जिला महामंत्री, दीपक गुटकणिया उपाध्यक्ष और राकेश पचलोड़िया जिला मंत्री मनोनीत**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मूलचन्द पेसवानी





राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा, जयपुर ने संगठन के विस्तार और युवा शक्ति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भीलवाड़ा जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए तीन नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। महासभा ने महिला आश्रम निवासी दीपक कुमार गुटकणिया को जिला उपाध्यक्ष, तिलक नगर निवासी कैलाश मांदरिया को जिला महामंत्री तथा जुनावास निवासी राकेश कुमार पचलोड़िया को जिला मंत्री नियुक्त किया है।
महासभा के प्रदेशाध्यक्ष देवीलाल साहू की अनुशंसा पर भीलवाड़ा (शहर) जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र आसरवा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में यह घोषणा की गई। नियुक्ति पत्र के अनुसार नवनियुक्त पदाधिकारियों की सामाजिक सेवा, कार्यकुशलता, निष्ठा, सक्रियता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।
महासभा ने विश्वास जताया कि नए पदाधिकारियों के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और अधिकाधिक युवाओं, समाजसेवियों तथा मातृशक्ति को संगठन से जोड़ने में सफलता मिलेगी। साथ ही उनसे संगठन के नियमों का पालन करते हुए प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सदस्यता अभियान को गति देने तथा समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा की गई है।
नियुक्ति की घोषणा के बाद समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों और युवाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भीलवाड़ा में संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा समाज के उत्थान के लिए प्रभावी कार्य किए जाएंगे।

# वीएमओयू ओरिएंटेशन कार्यशाला में विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा की दी जानकारी, करियर संवारने के बताए मार्ग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

मूलचंद पेसवानी




श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय, शाहपुरा स्थित वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय (वीएमओयू) अध्ययन केंद्र पर शुक्रवार को नए विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय अभिमुखीकरण (ओरिएंटेशन) कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रवेश प्रक्रिया, अध्ययन सामग्री, असाइनमेंट, परीक्षा प्रणाली और विश्वविद्यालय की ऑनलाइन सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।
मुख्य अतिथि एवं वीएमओयू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. दिलीप शर्मा ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा उन विद्यार्थियों के लिए बेहतर विकल्प है, जो नियमित महाविद्यालय में अध्ययन नहीं कर पाते। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और विभिन्न सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ रोजगार के बेहतर अवसर भी उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित एवं नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने का आह्वान किया।
मुख्य कॉर्डिनेटर डॉ. पुष्कर राज मीणा ने अध्ययन सामग्री (एसएलएम), असाइनमेंट जमा करने की प्रक्रिया, आंतरिक मूल्यांकन और परीक्षा प्रणाली की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय की ऑनलाइन सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह दी। वहीं सी.एल. बोराना और सुनील माथुर ने प्रवेश प्रक्रिया, अध्ययन पद्धति और समय पर असाइनमेंट जमा करने के महत्व पर प्रकाश डाला।
अध्ययन केंद्र समन्वयक प्रो. मूलचंद खटीक ने कहा कि ऐसे अभिमुखीकरण कार्यक्रम नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली समझने और उनकी शंकाओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त किया।
कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने प्रवेश, परीक्षा, अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन सेवाओं और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से समाधान किया। कार्यक्रम में प्रो. रामावतार मीणा, डॉ. ऋचा अंगिरा, प्रो. धर्मनारायण वैष्णव, प्रो. दिग्विजय सिंह, प्रो. मुकेश कुमार मीणा, प्रो. विजय परमार, सुरेश पेसवानी, रवि कौली सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य तथा एमएससी रसायनशास्त्र शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थी मौजूद रहे।

# 7-8 हजार रुपए वेतन में जान जोखिम में डालकर काम, मांगें नहीं मानी तो एफआरटी कर्मियों ने शुरू किया कार्य बहिष्कार

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

मूलचंद पेसवानी



क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुचारू रखने वाले अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एवीवीएनएल) के अधीन कार्यरत एफआरटी (फॉल्ट रिपेयरिंग टीम) कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि और श्रमिक सुविधाओं की मांग को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने सहायक अभियंता कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।
कर्मचारियों का कहना है कि पिछले करीब दस वर्षों से उनके वेतन में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई है। वर्तमान में उन्हें मात्र 7 से 8 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन मिल रहा है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। उनका आरोप है कि पिछले चार महीनों से संवेदक कंपनी वेतन बढ़ाने का आश्वासन दे रही है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।
एफआरटी कर्मचारियों ने बताया कि बिजली लाइन में फॉल्ट आने, ट्रांसफार्मर खराब होने या आपूर्ति बाधित होने पर दिन हो या रात, तेज बारिश हो या भीषण गर्मी, सबसे पहले उन्हें ही मौके पर पहुंचकर बिजली बहाल करनी पड़ती है। जोखिम भरे हालात में काम करने के बावजूद उन्हें पर्याप्त सुरक्षा उपकरण और श्रमिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।
उन्होंने आरोप लगाया कि संवेदक कंपनी की ओर से पीएफ, ईएसआई, दुर्घटना बीमा, मेडिकल सुविधा, ओवरटाइम, यात्रा भत्ता और जोखिम भत्ता जैसी मूलभूत सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिल रहा। इसके अलावा गुणवत्तापूर्ण हेलमेट, इंसुलेटेड ग्लव्स, सुरक्षा जूते, रेनकोट और अन्य सुरक्षा उपकरण भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं कराए जाते।
कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने कई बार लिखित रूप से अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। इससे परेशान होकर उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। उनका कहना है कि वे किसी अनुचित मांग के लिए नहीं, बल्कि अपने श्रम का उचित मूल्य और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियों की मांग कर रहे हैं।
एफआरटी कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी होने तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनकी जगह अन्य कर्मचारियों से काम कराने का प्रयास किया गया तो उसका भी विरोध किया जाएगा।
कर्मचारियों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो बिजली फॉल्ट सुधारने का कार्य प्रभावित हो सकता है, जिससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पर असर पड़ने के साथ आम उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# खजीना संस्कृत विद्यालय में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां सरस्वती की प्राण-प्रतिष्ठा

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।

जसवंत पारीक




राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, खजीना में आयोजित दो दिवसीय मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ मां सरस्वती की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा।
कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हवन से हुई, जिसके बाद मां सरस्वती का अभिषेक किया गया। निर्धारित मुहूर्त में वैदिक ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार के बीच प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। अंत में पूर्णाहुति के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का समापन हुआ तथा महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, विद्यालय परिवार, ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।
इस अवसर पर मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, भाजपा नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, मंडल महामंत्री दुष्यंत शर्मा सहित विद्यालय परिवार, ग्रामवासी और क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सवाईपुर विद्यालय में बाल संसद का गठन, अंकित बने प्रधानमंत्री और हर्ष उप प्रधानमंत्री

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।

सांवर वैष्णव



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था से परिचित कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को बाल संसद का गठन किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया देश में होने वाले आम चुनाव की तर्ज पर संपन्न कराई गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मतदान कर प्रधानमंत्री और उप प्रधानमंत्री का चुनाव किया।
मुख्य चुनाव अधिकारी दीपिका वैष्णव ने बताया कि प्रत्येक कक्षा से दो-दो प्रतिनिधि (सांसद) चुने गए। इन निर्वाचित सदस्यों ने मतदान के माध्यम से कक्षा 12 के छात्र अंकित जाट को प्रधानमंत्री तथा हर्ष सारस्वत को उप प्रधानमंत्री चुना। मतदान के बाद प्रधानाचार्य एवं चुनाव आयुक्त डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर तथा विद्यालय स्टाफ की मौजूदगी में मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए।
रिटर्निंग अधिकारी सत्यप्रकाश भारद्वाज ने बताया कि चुनाव में 30 मत डाले गए, जिनमें एक मत निरस्त हुआ। प्रधानमंत्री पद के लिए कुल नौ प्रत्याशी मैदान में थे। अंकित जाट को 10 और हर्ष सारस्वत को 8 मत प्राप्त हुए।
नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री अब बाल संसद के सदस्यों में से मंत्रिमंडल का गठन करेंगे, जो पूरे वर्ष विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सहयोग करेगा।
प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने कहा कि बाल संसद का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, चुनाव प्रणाली और नेतृत्व क्षमता से परिचित कराना है, ताकि वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकें। विद्यालय में जल्द ही मंत्रिमंडल का गठन और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# माता-पिता और सद्गुरु की सेवा से ही जीवन होता है सफलः कुलदीप शर्मा

## श्रीमद्भागवत कथा में संस्कार, सेवा और भक्ति का दिया संदेश, बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे उपस्थित

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

**( रोशन वैष्णव)** श्री मुनिकुल ब्रह्मचर्याश्रम वेद संस्थानम् में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक कुलदीप शर्मा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता एवं सद्गुरु की सेवा ही जीवन का सर्वोच्च धर्म है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश की सेवा से जो पुण्य प्राप्त होता है, वही पुण्य माता-पिता की निस्वार्थ सेवा एवं सम्मान से भी मिलता है।



कथा में उन्होंने बताया कि ब्रह्मा सृष्टि के रचयिता हैं, उसी प्रकार माता-पिता हमारे जन्मदाता हैं। भगवान विष्णु जिस प्रकार संसार का पालन करते हैं, उसी प्रकार माता-पिता अपने बच्चों का पालन-पोषण कर उन्हें योग्य बनाते हैं। वहीं भगवान शिव जिस प्रकार बुराइयों का नाश करते हैं, उसी प्रकार माता-पिता अपने बच्चों के भीतर की बुरी प्रवृत्तियों को दूर कर श्रेष्ठ संस्कार प्रदान करते हैं। इसलिए माता-पिता और सद्गुरु की सेवा करना प्रत्येक मनुष्य का परम कर्तव्य है।

कथावाचक ने गोकर्ण एवं धुंधकारी के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि अच्छे संस्कार मनुष्य को सम्मान दिलाते हैं, जबकि माता-पिता का अनादर पतन का कारण बनता है। वहीं भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के प्रसंग के माध्यम से सद्गुरु के महत्व को बताते हुए कहा कि गुरु का सान्निध्य ही जीवन को सही दिशा प्रदान करता है।

कथा के अंत में श्रद्धालुओं से माता-पिता की सेवा, सद्गुरु के प्रति श्रद्धा, उत्तम संस्कार एवं भगवान की भक्ति को जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आत्मशांति से सर्वजीव मंगल तक की साधना है 'ओम शांति' जाप : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

'ओम शांति, शांति, शांति जिनेश्वर शांति करो, सभी जीवों को सुखी करो' हमारी परंपरा में प्रचलित ऐसा मंगल जाप है, जिसमें व्यक्ति की साधना आत्मशांति से आगे बढ़कर समस्त जीवों के सुख और कल्याण की मंगलकामना से जुड़ती है। यह बात शांतिभवन में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषि जी ने आयोजित सामूहिक 'ओम शांति' जाप का महत्व श्रद्धालुओं को बताते हुए कही। उन्होंने कहा कि तीर्थंकर परमात्मा अनंत चतुष्टय को प्रकट करने की सामर्थ्य रखने वाले हैं। ऐसे परमात्मा की देशना जिनवाणी के प्रति श्रद्धा और आस्था जीवन को आत्मकल्याण की दिशा में अग्रसर करती है।

युवाचार्यश्री ने कहा कि 'ओम शांति' हमारी परंपरा में चला आ रहा पारंपरिक जाप है, जिसे केवल शब्दों का उच्चारण नहीं, बल्कि उसके आध्यात्मिक भाव को समझकर करना चाहिए। 'ओम' भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में प्रणव के रूप में प्रतिष्ठित है। इसके साथ 'शांति' का स्मरण साधक को अपने भीतर की ओर उन्मुख करता है और मन में उठने वाले आवेगों के शमन की दिशा में प्रेरित करता है। शांति का अर्थ केवल बाहरी वातावरण का शांत होना नहीं है। क्रोध, मान, माया, लोभ और अन्य कषाय जब भीतर अशांति उत्पन्न करते हैं, तब उन आवेगों का शमन ही वास्तविक शांति है। जिस प्रकार पीड़ा का उपचार होने पर वेदना शांत होती है, उसी प्रकार कषायों का प्रभाव क्षीण होने पर भीतर शांति का अनुभव होता है। वास्तविक शांति परिस्थितियों के बदलने से नहीं, अपने भावों को साधने से प्राप्त होती है।

भगवान शांतिनाथ के नाम की महिमा बताते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा के नाम में भी विशेष सामर्थ्य है। संसार के संताप से व्याकुल जीव के लिए परमात्मा का नाम उसी प्रकार शीतलता प्रदान करता है, जैसे प्रचंड गर्मी से संतप्त पथिक को कमल-सरोवर से आती शीतल हवा राहत देती है। श्रद्धा से किया गया नामस्मरण मन को एकाग्र करता है और साधक को भीतर से संभलने का संबल देता है। हमारे पूर्वाचार्यों ने परमात्मा के नाम, गुण और स्तवन की महिमा को गहराई से स्वीकार किया है। नामस्मरण की सार्थकता केवल शब्दों के उच्चारण में नहीं, बल्कि श्रद्धा और भावना में है। जाप की लय मन को एकाग्र करती है और सामूहिक जाप साधकों को एक मंगलभाव में जोड़ता है। श्रद्धा, लय और भावना का यह समन्वय जाप को साधना का स्वरूप प्रदान करता है।

आत्मिक शांति की साधना के संदर्भ में उन्होंने कहा कि संसार की अशांति को शांत करने की शुरुआत स्वयं के भीतर से करनी होगी। अपने भीतर उठने वाले भावों को पहचानना और उन्हें संयमित करना मनुष्य के हाथ में है। क्रोध के स्थान पर क्षमा,द्वेष के स्थान पर मैत्री, लोभ के स्थान पर संतोष और अहंकार के स्थान पर विनय का भाव विकसित करना ही आत्मिक शांति की दिशा में वास्तविक पुरुषार्थ है। उन्होंने बताया जैन धर्म की मंगलकामना केवल अपने सुख तक सीमित नहीं है। जिनेश्वर शांति करो, सभी जीवों को सुखी करो' में जीवमात्र के प्रति करुणा और मंगलभाव की व्यापक भावना है। जब भावना अपने सुख से आगे बढ़कर प्रत्येक जीव के मंगल तक पहुंचती है, तब आराधना का वास्तविक विस्तार होता है।

जाप की सार्थकता को जीवन से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि 'ओम शांति' का स्मरण तभी सार्थक है, जब उसका प्रभाव मनुष्य के जीवन और व्यवहार में दिखाई दे। यदि जाप के बाद भी मन में क्रोध, द्वेष और अशांति बनी रहे, तो साधक को अपने भावों की ओर देखना होगा। जाप की परिणति मन की निर्मलता, वाणी की मधुरता, व्यवहार की सहजता और जीवमात्र के प्रति मैत्री में होनी चाहिए। अपने भीतर के कषायों के शमन का पुरुषार्थ और समस्त जीवों के लिए मंगल की भावना इन दोनों का समन्वय ही 'ओम शांति' जाप की वास्तविक साधना है। शांति की शुरुआत अपने अंतर्मन से होकर समस्त जीव जगत तक पहुंचे, प्रत्येक हृदय में मंगलभाव जागृत हो और प्रत्येक जीव सुख को प्राप्त करे यही इस पारंपरिक जाप की सार्थकता है।

शांतिभवन के मंत्री नवरतनमल भलावत ने बताया कि सामूहिक ओम शांति' जाप में चातुर्मासार्थ विराजित यशोदिप्ती मधुकंवरजी उपप्रवर्तिनी दिव्यज्योतिजी,महासती सुचेता जी साध्वी प्रियदर्शनाजी आदि साध्वीवृंद सहित शांतिभवन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।इस अवसर पर नवदीक्षित महक ऋषिजी के जन्मदिवस पर उपस्थित साधु-साध्वीवृंद एवं श्रद्धालुओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# नयानगर-जलेरी के सरकारी स्कूलों को मिली नई सौगात, पांच कक्षा-कक्ष शुरू,44.64 लाख से बने कक्ष

## प्रशासन को एक माह का समय, जल्द सुधारें हालात अन्यथा युनियन उतरेगी सड़कों पर





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**मानव तिवाड़ी**

क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में शुक्रवार को एक और कदम बढ़ा। मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने नयानगर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में डीएमएफटी (जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास) फंड से करीब 44.64 लाख रुपए की लागत से निर्मित चार नवीन कक्षा-कक्षों तथा जलेरी नंबर-1 स्थित विद्यालय में एक नए कक्षा-कक्ष का लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद इन कक्षों को विद्यार्थियों के उपयोग के लिए विद्यालयों को सौंप दिया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक खंडेलवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं और आमजन की जरूरतों के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इस वर्ष के बजट में मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए करीब 180 करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृत किए हैं। इनमें सड़क, शिक्षा, पेयजल और चिकित्सा से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिजोलिया और मांडलगढ़ में क्रमोन्नत उप जिला अस्पतालों के निर्माण कार्य जल्द शुरू होंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा, जिला कार्यकारिणी सदस्य गोवर्धन वैष्णव, पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र राजोरा, एससीबीओ कन्हैया शर्मा, पायल लुनिवाल, हरिमोहन चित्तौड़ा, जगदीश पुरी, पंकज विजय, मुकेश धाकड़, रमेश धाकड़, गौरू बंजारा, रोडू बंजारा, घासी पटेल, शंकर बंजारा, राजू बंजारा, बूथ अध्यक्ष तारा बंजारा, बहादुर जोगी, विजय सिंह, रतन सिंह सहित जनप्रतिनिधि, विद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बिजौलिया के राजकीय पथिक महाविद्यालय में अभाविप का सदस्यता अभियान शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**शुभम** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की ओर से शुक्रवार को राजकीय पथिक महाविद्यालय में सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत विद्यार्थियों को परिषद के उद्देश्य, छात्र हित, राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक सेवा से जुड़े कार्यों की जानकारी देते हुए संगठन से जुड़ने का आह्वान किया गया। नगर मंत्री दीपक धाकड़ ने बताया कि अभियान के दौरान



महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी संख्या में परिषद की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि परिषद का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रहित और समाजसेवा के कार्यों से जोड़ते हुए उनके व्यक्तित्व विकास के लिए मंच उपलब्ध कराना है।

अभियान के दौरान भाग प्रमुख विष्णु सेन, नगर अध्यक्ष पूजा जोशी, सहनगर मंत्री पंकज रेगर, अर्पित धाकड़, कृष्ण गोपाल रेगर, ममता बंजारा, चांदी जाटव, अर्जुन धाकड़, विष्णु गुर्जर एवं महिमा कंवर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। अभाविप पदाधिकारियों ने बताया कि सदस्यता अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को संगठन से जोड़कर छात्रहित एवं राष्ट्रहित के कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

## QUICK BITES

### खातीखेड़ा में हेडपंप का प्लेटफॉर्म धंसा, हादसे की आशंका

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला**



सुवाणा पंचायत समिति की खातीखेड़ा गांव में सरकारी हेडपंप का प्लेटफॉर्म क्षतिग्रस्त होने से हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार प्लेटफॉर्म नीचे से धंस चुका है और बीच में बड़ा गड्ढा हो गया है। ऐसे में पानी भरने के दौरान कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

ग्रामीणों ने बताया कि हेडपंप चालू है, लेकिन जर्जर प्लेटफॉर्म, फिसलन और आसपास जमा गंदगी के कारण लोग जान जोखिम में डालकर पानी भरने को मजबूर हैं। ग्रामीण लादू सिंह, श्रवण सिंह, सतु सिंह, श्यामलाल सुथार और राजू सुथार ने आरोप लगाया कि समस्या की जानकारी कई बार सरपंच को देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) और ग्राम पंचायत से हेडपंप का प्लेटफॉर्म जल्द मरम्मत कराने तथा आसपास साफ-सफाई और जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो बरसात में बड़ा हादसा हो सकता है।

### बढ़लेश्वर महादेव सावन महोत्सव के पोस्टर का मंत्री खर्रा ने किया विमोचन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शुक्रवार को यूआईटी परिसर में श्री बढ़लेश्वर महादेव मंदिर में 30 जुलाई से शुरू होने वाले सावन महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने महोत्सव की सफलता की शुभकामनाएं देते हुए श्रद्धालुओं को बधाई दी।

कार्यक्रम में कोली समाज विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश सुनारिया ने मंत्री को मंदिर की दीवार से जुड़े प्रकरण का ज्ञापन सौंपा, जिस पर मंत्री ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

मंदिर के पुजारी पंडित रामचंद्र मंडिया ने बताया कि सावन महोत्सव 30 जुलाई से 28 अगस्त तक आयोजित होगा। इस दौरान महाकाल ध्वज यात्रा, कांवड़ यात्रा, अभिषेक, महाआरती सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मंदिर के शिखर का रंग-रोगन एवं मरम्मत कार्य भी कराया जा रहा है।

इस अवसर पर पूर्व सभापति राकेश पाठक, नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### डोडाचूरा निस्तारण शिविर में किसानों ने उठाई मुआवजे की मांग, सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**



आबकारी विभाग की ओर से शुक्रवार को खजीना स्थित भैरूनाथ मंदिर परिसर में तहसील कोटड़ी के 17 गांवों के अफीम किसानों के लिए डोडाचूरा निस्तारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

इस दौरान किसानों ने डोडाचूरा निस्तारण के बदले प्रति किसान 2 हजार रुपए मुआवजा देने अथवा स्वघोषणा पत्र के आधार पर डोडाचूरा को अपने खेतों में जैविक खाद के रूप में उपयोग करने की अनुमति देने की मांग की। किसानों ने इस संबंध में प्रभारी अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।

शिविर में किसान नेता रामकुमार जाट, भारतीय किसान संघ के प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट, जिला प्रमुख रामपाल जाट, तहसील प्रमुख भंवरलाल सुथार, तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल कुम्हार, मंत्री भैरूंलाल जाट सहित विभिन्न गांवों के अफीम लम्बरदार और सैकड़ों किसान मौजूद रहे। खजीना, आकोला, होलीरड़ा, खारों का खेड़ा, शोपुरा, सवाईपुर, सालरिया, जित्यास, जावल, किशनगढ़, रामनगर, गपेसरा, बीरम्यास, देवरिया, गोराखेड़ा और दांतड़ा छोटा सहित 17 गांवों के किसानों ने शिविर में भाग लिया।

### देव डूंगरी प्रकरण में गुर्जर गॉड ब्राह्मण महासभा ने कलेक्टर को भेजा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गॉड ब्राह्मण महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री शक्ति नारायण शर्मा ने भीलवाड़ा जिला कलेक्टर को ज्ञापन भेजकर बिजोलिया के भीलपुरिया दाती (देव डूंगरी) प्रकरण में कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि देव डूंगरी क्षेत्र में सार्वजनिक उपयोग की भूमि, प्राचीन देवनारायण मंदिर एवं अन्य धार्मिक स्थल स्थित हैं। महासभा ने भूमि पर अतिक्रमण की आशंका जताते हुए प्रशासन से नियमानुसार कार्रवाई करने तथा क्षेत्र की शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है। साथ ही ज्ञापन में बंक्या रानी माता मंदिर निर्माण की स्वीकृति देने का भी आग्रह किया गया है। महासभा का कहना है कि समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं होने पर क्षेत्र में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रशासन से मामले में उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।